कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 26.07.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में कारगिल विजय दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अनिल जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को जाबांज सैनिकों एवं अमर शहीदों के बलिदान को शौर्यगाथा के रूप मनाया जाता है। सन् 1999 में जम्मू कश्मीर के कारगिल में दो महीने से पाकिस्तान संग जारी जंग खत्म हुई थी। इस दिन भारत ने न सिर्फ जंग जीती बल्कि दुनिया में ऐसे देश के रूप में अपनी छवि भी मजबूत की जो लोकतांत्रिक है और अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी बखूबी जानता है। हम सभी उन वीर जवानों एवं भारत मां के लिए मर मिटने वाले अरम शहीदों को नमन करते हैं।

डॉ0 सुषमा यादव ने इस अवसर पर कहा कि कारगिल की रक्षा करने वाले हमारे जाबांज सैनिक भूख, प्यास की परवाह किए बिना सिर पर कफन बांधकर आगे बढ़ते रहे। सैकड़ों शहीद हुए और हजारों घायल, लेकिन बहादुर जवान अपने अटल इरादे से पीछे नहीं हटे। उन महान वीरों की शौर्यगाथा को शत्–शत् नमन करते हैं। श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को कारगिल पर भारत की फौज ने तिरंगा लहराया। देश में जश्न मना लेकिन इसमें भारत मां की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवान शामिल न हो सके। उन वीरों के शौर्य को सलाम करते हुए भारत सरकार ने परमवीर चक्र, महावीर चक्र से सम्मानित किया। हम सभी जाबांज वीरों के शौर्य को सलाम करते हैं। इस अवसर पर छात्राओं को पंच प्रण की प्रतिज्ञा दिलाई गई एवं छात्राओं ने पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें कु0 मौली शर्मा, नुपूर सोनी, राजेश्वरी, रागिनी ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ0 आरती सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, रा0 से0 यो0 कार्यक्रम अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

(डॉ0 अनिल जैन)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दुर्ग (छ0ग0)

कारगिल विजय दिवस